Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding ground-water pollution caused by industrial units in Amroha district, Uttar Pradesh-laid

कुंवर दानिश अली (**अमरोहा**): ग्राम चंदनपुर ब्लाक गंगेश्वरी में चीनी मिल तथा ग्राम पंचायत चौधरपुर ब्लॉक जोया जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश में औद्योगिक इकाई खास कर ब्रास, कम्बल व अन्य उद्योगों द्वारा अपशिष्ट उपचार संयंत्र (ETP)/प्रदूषण नियन्त्रण संयंत्र नहीं चलाते हैं । ग्राम पंचायत के समीप लगी कारखानों द्वारा रसायन युक्त पानी बोर वेल के माध्यम से सीधे जमीन के अन्दर डाला जाता है । कारखानों में इस्तमाल होने वाला जानलेवा हानिकारक रसायन जल में मिल कर जमीन के अन्दर जाता है । जिस से पूरे क्षेत्र का जल स्तर दूषित हो गया है । क्षेत्रीय जनता व मवेशी यहाँ दूषित जल पीने को बेबस हैं, दूषित जल पीने की वजह से जानलेवा भयंकर बीमारियों जैसे कैंसर एवं अन्य कई लाईलाज बिमारियों का सामना करना पड़ रहा हैं । जिससे क्षेत्रवासियों में खौफ का माहौल बना हुआ है । अतः सरकार से मेरी मांग है कि इन क्षेत्रों में लगे उद्योगों तथा आसपास के कारखानों द्वारा किए गए उल्लंघन की जांच की जाए एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए जिससे लोगों के जीवन की रक्षा हो सके ।

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، گاؤں چندن پور بلاک گنگیشوری میں چینی مِل اور گاؤں پنچایت چودھ